## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय, फर्रूखाबाद की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति" (DWSM) की दिनांक 07.09.2022 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त।

पत्रांक-02 / JJM-2 /02 दिनांक 07.09.2022

जिलाधिकारी, फर्रूखाबाद की अध्यक्षता में प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, नमामि गंगे जलापूर्ति अनुभाग-1 के शा0दे0-95/छिहत्तर-1-2020-20 स्वजल/2010 टी0सी0-अ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी, 2020 के द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता मिशन जल शक्ति मंत्रालय ,भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के संगणनात्मक स्वरूप को और सुदृढ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमों के प्रभावी कियान्वयन तथा मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211/38-5-2010-20 स्वजल/2010 (टी0सी0-अ), दिनांक 29 नवम्बर 2019 को संशोधित करते हुये जनपद स्तर पर गठित "जिलापेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति की बैठक दिनांक 07.09.2022 को आयोजित की। जिसमे निम्न सदस्य उपस्थित थे।

1. मुख्य विकास अधिकारी, फर्रूखाबाद। —उपाध्यक्ष
2. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) फर्रूखाबाद। —सदस्य सचिव
3. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, फर्रूखाबाद। —सदस्य
4. प्रभागीय वन अधिकारी, फर्रूखाबाद। —सदस्य
5. जिला पंचायत राज अधिकारी, फर्रूखाबाद। —सदस्य
6. जिला विकास अधिकारी, फर्रूखाबाद। —सदस्य
7. परियोजना निदेशक, जिला ग्राम विकास अभिकरण फर्रूखाबाद। —सदस्य
8. जिल बेसिक शिक्षा अधिकारी, फर्रूखाबाद। —सदस्य
9. अधिशासी अभियन्ता, सिचाई विभाग, फर्रूखाबाद। —सदस्य
10. जिला कृषि अधिकारी, फर्रूखाबाद। —सदस्य
11. जिल सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, फर्रूखाबाद। —सदस्य
12. सहायक अभियन्ता, लघु सिचाई विभाग, फर्रूखाबाद। —सदस्य

### (1.) डी0पी0आर0 विरचन कार्य:-

अधिशासी अभियन्ता एवं सदस्य सचिव खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) फर्रूखाबाद द्वारा अवगत कराया गया है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत "राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" लखनऊ द्वारा ग्रामीण पेयजल आपूर्ति हेतु चयनित फर्म मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजीनियर्स लि0 हैदराबाद द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जनपद फर्रूखाबाद के 03 नग पेयजल योजनओं के प्राक्कलन प्रस्तुत किये गये थे, जिसमे योजनावार हर घर जल योजनान्तर्गत नलकूप, पम्पहाउस, अवर जलाशय, राईजिंगमेन, वितरण प्रणाली, सोलर प्लान्ट एवं गृह संयोजन इत्यादि का प्राविधान किया गया है, प्रत्येक प्राक्कलन की प्रति व्यक्ति (परकैपिटा) लागत रु0 6400 के अन्दर एवं जल जीवन मिशन के गाइड लाइन के अनुरुप है। अधिशासी अभियन्ता एवं सदस्य (सचिव), निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, ग्रामीण फर्रूखाबाद द्वारा सहायक अभियन्ता के माध्यम से परीक्षणोपरान्त 03 नग नये पेयजल योजनाओं के प्राक्कलनो को मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कानपुर से तकनीकी स्वीकृति के उपरान्त जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा स्वीकृत प्रदान किये जाने एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को सस्तुत करने का निर्णय लिया गया:-

| क0 सं0 | जनपद का नाम | विकास खण्ड का नाम | योजना का नाम | योजना मे सम्मिलित ग्राम पंचायतो की संख्या | योजना मे सम्मिलित राजस्व ग्रामो की संख्या | कुल लागत (रू0 लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | फर्रूखाबाद | राजेपुर | सवासी | 1 | 2 | 294.52 |
| 2 | फर्रूखाबाद | शमसाबाद | सोनाजानकीपुर | 2 | 2 | 466.67 |
| 3 | फर्रूखाबाद | मोहम्मदाबाद | गुरूशादी नगर | 1 | 3 | 225.38 |
| | | योग | | 4 | 7 | **986.57** |

02 नग पूर्व निर्मित योजनाओं के रैट्रोफिटिंग के प्राक्कलन का खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा विरचित किये गये है। परिक्षणोंपरान्त 2 नग पूर्व निर्मित योजनाओ के रैट्रोफिटिंग के प्राक्कलन (प्रत्येक) की लागत 05 करोड से कम है, जिसकी तकनीकी स्वीकृति सक्षम स्तर द्वारा प्रदान कर दी गयी है। जिसे तकनीकी स्वीकृति के उपरान्त जिला पेयजल स्वच्छता समिति द्वारा स्वीकृति हेतु प्रदान किये जाने एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रधान कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) लखनऊ/राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को सस्तुत करने का निर्णय लिया गयाः--

| क0 सं0 | जनपद का नाम | विकास खण्ड का नाम | योजना का नाम | योजना मे सम्मिलित ग्राम पंचायतो की संख्या | योजना मे सम्मिलित राजस्व ग्रामो की संख्या | कुल लागत (रू0 लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | फर्रूखाबाद | राजेपुर | पिथनापुर | 1 | 1 | 222.02 |
| 2 | फर्रूखाबाद | राजेपुर | भरेहुपुर | 1 | 2 | 34.81 |
| | | योग | | 2 | 3 | **256.83** |

**(2) जल जीवन मिशन फेज–2 संशोधित 400 राजस्व ग्रामों की सूची**

राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ के कार्यालय पत्र सं0 2384/W–22/NIT/2020–21 दिनांक 23.01. 2021 के कम में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक मे 400 ग्राम पंचायतों की अनुमोदित सूची पत्रांक 999/ल0सिं0/कार्य0/जल जीवन मिशन/2020–21 दिनांक 25.02.2021 के द्वारा फर्म को पूर्व में उपलब्ध करायी गयी थी। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अधोहस्ताक्षरी एवं अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) फर्रूखाबाद को यह अवगत कराया गया कि फर्म को 400 राजस्व ग्राम ही आवटिंत हुये हैं। उक्त के कम में फर्म द्वारा अब तक 236 राजस्व ग्रामों के 145 नग डी0पी0आर0 बनाये गये है। फर्म के अनुरोध पर अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) फर्रूखाबाद द्वारा 400 राजस्व ग्रामों की संशोधित सूची जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की आयोजित बैठक दिनांक 07.09.2022 को प्रस्तुत की गयी। जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत ग्रामों की संशोधित सूची का परीक्षणोंपरान्त, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा 400 राजस्व ग्रामों की संशोधित सूची का सर्वसम्मति से अनुमोदन कर दिया गया जिसका विवरण निम्नवत है।

| क0सं0 | तहसील का नाम | विकास खण्ड का नाम | राजस्व ग्रामों की सं0 |
|---|---|---|---|
| 1 | फर्रूखाबाद | 1–बढपुर | 02 |
| | | 2–कमालगंज | 90 |
| | | 3–मोहम्मदाबाद | 77 |
| | | योग | 169 |
| 2 | कायमगंज | 1–नबावगंज | 48 |
| | | 2–कायमगंज | 74 |
| | | 3–शमसाबाद | 74 |
| | | योग | 196 |
| 3 | अमृतपुर | 1–राजेपुर | 35 |
| | | महायोग | 400 |

उपरोक्तानुसार 400 ग्रामों की संशोधित सूची जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 के अतर्गत डी0पी0आर0 विरचन एवं निर्माण कार्य हेतु मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजीनियर्स लि0 हैदराबाद को दी जाती है तथा समिति द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि यथाशीघ्र अवशेष सभी ग्रामों के डी0पी0आर0 तैयार कर अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फर्रूखाबाद से परिक्षणोपरान्त जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के समक्ष प्रस्तुत करें जिससे कि समिति द्वारा प्राक्कलनों की संस्तुति/ स्वीकृति कर अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ प्रेषित किये जा सकें।

**संलग्नक–400 राजस्व ग्रामों की संशोधित अनुमोदित सूची।**

**(3) जल जीवन मिशन (फेज–3) 330 राजस्व ग्रामों की सूची**

राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ के कार्यालय पत्र सं0 1518/W–25(कानपुर)/2020–21 दिनांक 26. 07.2022 के द्वारा 330 राजस्व ग्रामों के डी0पी0आर0 विरचन एवं निर्माण कार्य हेतु M/S VINDHYA TELELINK LTD-GAJA ENGINEERING PVT.LTD.JV Club-125 6th Flor Tower A Plot No. 3,4 & 5, Sector 125, Noida (U.P.)-201301 चयनित किया गया है। अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) फर्रूखाबाद द्वारा 330 राजस्व ग्रामों की सूची जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की आयोजित बैठक दिनांक 07.09.2022 को प्रस्तुत की गयी। जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत ग्रामों की सूची का परीक्षणोपरान्त जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से 330 राजस्व ग्रामों की सूची का अनुमोदन कर दिया गया है। जिसका विवरण निम्नवत है।

| क0सं0 | तहसील का नाम | विकास खण्ड का नाम | राजस्व ग्रामों की सं0 |
|---|---|---|---|
| 1 | फर्रूखाबाद | 1–बढपुर | 35 |
| | | 2–कमालगंज | 60 |
| | | 3–मोहम्मदाबाद | 29 |
| | | योग | **124** |
| 2 | कायमगंज | 1–नबावगंज | 29 |
| | | 2–कायमगंज | 76 |
| | | 3–शमसाबाद | 61 |
| | | योग | **166** |
| 3 | अमृतपुर | 1–राजेपुर | 40 |
| | | **महायोग** | **330** |

उरोक्तानुसार 330 राजस्व ग्रामों की सूची जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–3 के अतर्गत डी0पी0आर0 विरचन एवं निर्माण कार्य हेतु M/S VINDHYA TELELINK LTD-GAJA ENGINEERING PVT.LTD.JV Club-125 6th Flor Tower A Plot No. 3,4 & 5, Sector 125, Noida (U.P.)-201301 को प्रेषित है। समिति द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि यथाशीघ्र सभी ग्रामों की डी0पी0आर0 तैयार कर अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) फर्रूखाबाद से परिक्षणोपरान्त, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के समक्ष प्रस्तुत करें। जिससे कि समिति द्वारा प्राक्कलनों की संस्तुति/ स्वीकृति कर अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ प्रेषित किये जा सकें।

**संलग्नक–330 राजस्व ग्रामों की अनुमोदित सूची।**

(4) <u>भूमि उपलब्धता:–</u>

जनपद फर्रूखाबाद मे कुल 730 राजस्व ग्रामों के डी0पी0आर0 विरचन एवं निर्माण कार्य का लक्ष्य निर्धारित है जिनमे से जल जीवन मिशन मे फेज–II मैसर्स जी0वी0पी0आर0 इंजीनियर्स लिमिटेड हैदराबाद को 400 नये ग्राम एवं फेज–III वी0टी0एल0 गजा इंजीनियर्स प्रा0 लि0 जे0वी0 नोयडा को 330 ग्राम आवटिंत किये गये है। मैसर्स जी0वी0पी0आर0 इंजीनियर्स लिमिटेड हैदराबाद को 400 ग्रामों मे के विरूद्ध 145 नग प्राक्कलन

बनाये जा चुके है, जिसमे 142 नग प्राक्कलन स्वीकृत हो चुके है। 03 नग प्राक्कलन तैयार कर अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) फर्रूखाबाद से परीक्षण कराकर तथा मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कानपुर से तकनीकी स्वीकृति कराकर जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के समक्ष प्रस्तुत किये गये।

**धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

जिलाधिकारी / अध्यक्ष
"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति
फर्रूखाबाद।

<u>पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार</u>
<u>प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।</u>

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय उ0प्र0 जल निगम लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक "राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग किसान बाजार विभूती खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
3. मुख्य विकास अधिकारी फर्रूखाबाद
4. मुख्य चिकित्सा अधिकारी फर्रूखाबाद।
5. जिला प्रभागीय वन अधिकारी फर्रूखाबाद।
6. जिला पंचायत राज अधिकारी फर्रूखाबाद।
7. जिला विकास अधिकारी फर्रूखाबाद।
8. परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण फर्रूखाबाद।
9. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी फर्रूखाबाद।
10. अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग, फर्रूखाबाद।
11. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फर्रूखाबाद।
12. जिला कृषि अधिकारी, फर्रूखाबाद।
13. जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, फर्रूखाबाद।
14. सहायक अभियन्ता लघु सिचाई विभाग फर्रूखाबाद।
15. मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजीनियर्स लि0 हैदराबाद।
16. M/S VINDHYA TELELINK LTD-GAJA ENGINEERING PVT.LTD.JV Club-125 6th Flor Tower A Plot No. 3,4 & 5, Sector 125, Noida (U.P.)-201301

जिलाधिकारी / अध्यक्ष
"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति
फर्रूखाबाद।